an>

Title: Need to construct a bye-pass road connecting National Highways No. 75 and 86 passing through Chhattarpur in Tikamgarh Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : अध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र छतरपुर शहर के मध्य से एनएच-75 और एनएच-86, दो राष्ट्रीय राजमार्ग शहर के बीचों-बीच जाने से काफी अनियंत्रित स्थिति वहां उत्पन्न हो जाती है। बीस साल पहले शहर की जो स्थिति थी, इन बीस सालों में शहर की आबादी तेजी से बढ़ी है और इसके कारण से शहर के बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग के वाहन निकलते हैं, उनसे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लोगों की जान उसमें जाती रहती हैं। इस नगर के व्यवस्थित विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश शासन के द्वारा एक योजना बनायी गयी थी, जिसमें 90 से 100 करोड़ रुपये का खर्च होना है। लेकिन राज्य सरकार इतना खर्च वहन नहीं कर सकती है। यह कार्य मुख्यतः राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने का है। अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस वर्ष की कार्य योजना में शामिल करके छतरपुर नगर के बीच से जो राष्ट्रीय राजमार्ग- 75 और 86 जा रहे हैं, इनको जोड़ते हुए नगर के बाहर से बाइपास बनाया जाए।

HON. SPEAKER: Shri K.N. Ramachandran, are you there? Have you given notice about special insurance scheme for construction workers? I think, you have given notice. You don't want to raise it.

SHRI K.N. RAMACHANDRAN (SRIPERUMBUDUR): I have not given notice, Madam.

...(*Interruptions*)